31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए कारोबार दायित्व रिपोर्ट

खंड कः बैंक के बारे में सामान्य जानकारी

कंपनी की कॉरपोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	लागू नहीं
कंपनी का नाम	ओरियन्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स
पंजीकृत पता कॉरपोरेट कार्यालय	हर्ष भवन, ई-ब्लॉक, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली – 110001 प्लॉट नं. 5, सेक्टर -32, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरूग्राम - 122001
वेबसाइट	www.obcindia.co.in
ई-मेल आईडी	mbd@obc.co.in; ssaha@obc.co.in
रिपोर्ट किया गया वित्तीय वर्ष	2018-19
क्षेत्र (त्रों), जिसमें कंपनी शामिल है (औद्योगिक गतिविधि कोड-वार)	बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं
कंपनी द्वारा निर्मित/उपलब्ध कराई जा रही तीन प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की सूची (तुलन-पत्र के अनुसार)	1. थोक बैंकिंग 2. रिटेल बैंकिंग 3. ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग
कंपनी द्वारा किए जा रहे कारोबार की गतिविधि स्थानों की कुल संख्या	शाखाओं की संख्याः 2390 अंतरराष्ट्रीय स्थानों की संख्याः 1 (दुबई प्रतिनिधि कार्यालय)
कंपनी द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले बाजार	राष्ट्रीय

खंड खः बैंक का वित्तीय ब्यौरा

प्रदत्त पूंजी (रु. में)	₹1370.21 करोड़
कुल कारोबार (रु. में)	₹404,195 करोड़
कुल लाभ/(-) हानि (रु. में)	₹55 करोड़
कर पश्चात् लाभ के प्रतिशत (%) के अनुसार कारोबार सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर हुआ कुल व्यय	वित्तीय वर्ष 2017-18 में बैंक को ₹ 5871.74 करोड़ की हानि हुई है अतः आरबीआई के दिशानिर्देशों के मद्देनजर घाटे में चल रहे बैंक एक वित्तीय वर्ष में ₹5.00 लाख तक दान कर सकते हैं। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए अधिकतम अनुमत राशि ₹5.00 लाख थी। वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए कुल संस्वीकृत कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व की राशि ₹5.00 लाख है जो आवंटित सीएसआर बजट का 100% है।
गतिविधियों की सूची, जिसमें उपरोक्त 4 में व्यय किया गया	क) बैंक ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान निम्नलिखित सीएसआर क्रियाकलाप किए हैं: **ख) सामुदायिक सेवाएं:** बैंक ने जरूरतमंद एवं वृद्ध लोगों के लिए एनजीओ को टाटा ऐस टेम्पो दान किए हैं।

Business Responsibility Report for the year ended 31st March 2018-19

Section A: General Information about the Bank

Corporate Identity Number (CIN) of the Company	Not Applicable
Name of the Bank	Oriental Bank of Commerce
Registered Address Corporate Office	Harsha Bhawan, E-Block, Connaught Place, New Delhi-110001 Plot No.5, Sector 32, Institutional Area, Gurugram -122001
Website	www.obcindia.co.in
E-mail id	mbd@obc.co.in; ssaha@obc.co.in
Financial Year reported	2018-19
Sector(s) that the Company is engaged in (industrial activity code-wise)	Banking & Financial Services
List three key products/ services that the Company manufactures/provides (as in balance sheet)	1. Wholesale Banking 2. Retail Banking 3. Rural and Agri-Banking
Total number of locations where business activity is undertaken by the Bank	Number of branches: 2390 Number of international locations:1 (Dubai Representative Office)
Markets served by the Bank	National

Section B: Financial Details of the Bank

Paid up Capital (INR)	₹1370.21 crore
Total Business (INR)	₹404,195 crore
Total Profit / (-) Loss (INR)	₹55 crore
Total Spending on Corporate Social Responsibility (CSR) as percentage of profit after tax (%)	The Bank had incurred a loss of ₹5871.74 crores in the financial year 2017-18. In view of RBI directions the loss making Banks may make donations during a financial year upto ₹5.00 Lakhs. Accordingly, the maximum permissible amount for FY 2018-19 was ₹5.00 Lakhs. The total amount of CSR sanctioned in FY 2018-19 is ₹5.00 Lakhs which is 100% of the allocated CSR budget.
List of activities in which expenditure in 4 above has been incurred	The Bank has undertaken the following CSR activities during FY 2018-19: **Community Services**: Bank has donated TATA ACE TEMPO to NGO under community services for helping needy & old age people.

खंड गः अन्य विवरण

क्या कंपनी की कोई सहायक कंपनी/कंपनियां हैं?	नहीं
क्या सहायक कंपनी/कंपनियां प्रमुख कंपनी की बीआर गतिविधियों में भाग लेती हैं? यदि हां, तो ऐसी सहायक कंपनी (यों) की संख्या बताएं।	लागू नहीं
कंपनी की बीआर गतिविधियों में भाग लेने के साथ-साथ कोई अन्य इकाई/इकाइयां (जैसे आपूर्तिकर्ता संवितरणकर्ता आदि) जिसके साथ कंपनी कारोबार करती है। यदि हां, तो ऐसी इकाई/इकाइयों का प्रतिशत बताएं? [30% से कम, 30-60%, 60% से अधिक]	**नहीं**

खंड घः बीआर सूचना

क)	**बीआर के लिए उत्तरदायी निदेशक/निदेशकों का ब्यौरा**	
क्र.सं.	**विवरण**	**ब्यौरा**
	डीआईएन नंबर	लागू नहीं
	नाम	श्री विजय दुबे
	पदनाम	कार्यकारी निदेशक
ख)	**बीआर प्रमुख का विवरण**	
	डीआईएन नंबर (यदि लागू हो)	लागू नहीं
	नाम	श्री स्वरूप सहा
	पदनाम	महाप्रबंधक(एमबीडी)
	दूरभाष संख्या	0124-4126542/4126286
	ई-मेल आईडी	mbd@obc.co.in;ssaha@obc.co.in

1. सिद्धांत-वार (एनवीजी के अनुसार) बीआर नीति/नीतियां (हां/नहीं में उत्तर दें)

क्र. सं.	**प्रश्न**	**पी 1**	**पी 2**	**पी 3**	**पी 4**	**पी 5**	**पी 6**	**पी 7**	**पी 8**	**पी 9**
1.	क्या आपके पास सिद्धांत/तों के लिए नीति/नीतियां हैं	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
2.	क्या संबंधित हितधारकों के परामर्श से नीति तैयार की जाती है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
3.	क्या नीति किसी राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है? यदि हां, तो उल्लेख करें (50 शब्दों में)*	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
4.	क्या नीति मंडल द्वारा अनुमोदित की जाती है? यदि हां, तो क्या इसे प्रबंध निदेशक/स्वामी/सीईओ/समुचित निदेशक मंडल द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
5.	क्या नीति के कार्यान्वयन की निगरानी हेतु कंपनी के मंडल/निदेशक/अधिकारी की कोई विशिष्ट समिति है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
6.	नीति को ऑनलाइन देखने के लिए लिंक बताएं?	नीतियां बैंक की वेबसाइट अर्थात् www.obcindia.co.in/आंतरिक वेब-पोर्टल पर उपलब्ध हैं।								
7.	क्या नीति सभी संबंधित आंतरिक एवं बाह्य हितधारकों को औपचारिक रूप से सूचित की गई है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां

Section C: Other Details

Does the Company have any Subsidiary Company/ Companies?	No
Do the Subsidiary Company/Companies participate in the BR Initiatives of the parent company? If yes, then indicate the number of such subsidiary company(s)	N.A.
Do any other entity/entities (e.g. suppliers, distributors etc.) that the Company does business with participate in the BR initiatives of the Company? If yes, then indicate the percentage of such entity/entities? [Less than 30%, 30-60%, More than 60%]	No

Section D: BR Information

a)	**Details of Director /Directors responsible for BR**	
Sr. No.	**Particulars**	**Details**
	DIN Number	Not Applicable
	Name	Shri Vijay Dube
	Designation	Executive Director
b)	**Details of the BR Head**	
	DIN Number (if applicable)	Not Applicable
	Name	Shri Swarup Saha
	Designation	General Manager (MBD)
	Telephone number	0124-4126542/4126286
	e-mail id	mbd@obc.co.in; ssaha@obc.co.in

1. Principle-wise (as per NVGs) BR Policy/Policies (Reply in Y/N)

Sr. No.	Questions	P 1	P 2	P 3	P 4	P 5	P 6	P 7	P 8	P 9
1.	Do you have a Policy/ Policies for the Principle/s	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y
2.	Has the policy being formulated in consultation with the relevant stakeholders?	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y
3.	Does the Policy conform to any national / international standards? If yes, specify? (50 words)*	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y
4.	Has the Policy being approved by the Board? Is yes, has it been signed by MD/owner / CEO / appropriate Board Director?	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y
5.	Does the company have a specified committee of the Board / Director / Official to oversee the implementation of the policy?	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y
6.	Indicate the link for the policy to be viewed online?	The Policies are available on the Bank's website i.e. www.obcindia.co.in / Bank's internal web-portal.								
7.	Has the policy been formally communicated to all relevant internal and external stakeholders?	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y

8.	क्या नीति/नीतियों को लागू करने के लिए कंपनी की आंतरिक व्यवस्था है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
9.	क्या हितधारकों की नीति/नीतियों से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु नीति/नीतियों से संबंधित कंपनी का शिकायत निवारण तंत्र है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
10.	क्या कंपनी ने किसी आंतरिक अथवा बाह्य एजेंसी से नीति के कामकाज की स्वतंत्र लेखापरीक्षा/मूल्यांकन कराया है?	हां	हां	नहीं	हां	नहीं	हां	नहीं	हां	हां

*बैंक की सभी नीतियां विभिन्न विनियामकों तथा सांविधिक निकायों जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, वित्त मंत्रालय, सेबी, भारत के संविधान, अन्य विधिक अधिनियमों आदि द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं। इसलिए ये राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं।

कृपया नोट करें कि बैंक द्वारा औपचारिक रूप से कई तरह की नीतियां बनाई गई हैं जो बैंक में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न कार्यों को नियंत्रित करती हैं। उसके साथ-साथ, बैंक द्वारा समय-समय पर जारी विभिन्न दिशानिर्देशों का शाखाओं के साथ-साथ क्लस्टर/सर्कल कार्यालयों, कॉरपोरेट कार्यालय आदि द्वारा पालन किया जाता है। इसी प्रकार, बैंक बैंकिंग कारोबार करते समय विनियामकों, संबद्ध, सहयोगियों तथा अन्य सांविधिक संस्थाओं द्वारा जारी की गई नीतियों को भी कार्यान्वित करता है।

2. यदि क्रम सं. 1 का उत्तर किसी भी सिद्धांत के प्रति 'नहीं' है तो कृपया उल्लेख करें कि क्यों: (2 विकल्प तक टिक करें)

क्र. सं.	प्रश्न	पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9
1.	कंपनी ने सिद्धांत समझे नहीं हैं	लागू नहीं								
2.	कंपनी इस अवस्था में नहीं है, जहां वह विशिष्ट सिद्धांतों पर नीतियों को तैयार व लागू कर सके									
3.	कंपनी के पास कार्य करने के लिए वित्तीय अथवा मानव संसाधन उपलब्ध नहीं है।									
4.	अगले 6 महीनों के भीतर पूरा किए जाने की योजना है									
5.	अगले 1 वर्ष के भीतर पूरा किए जाने की योजना है									
6.	अन्य कोई कारण (कृपया स्पष्ट करें)	मद सं.10 के संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि बैंक की नीतियों की निदेशक मण्डल द्वारा वार्षिक रूप से समीक्षा की जाती है।								

3 कारोबार दायित्व से संबंधित अभिशासन

- निदेशक मंडल, मण्डल की समिति या मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा कंपनी के कारोबार दायित्व कार्य-निष्पादन का आकलन करने की आवधिकता को दर्शाएं। 3 महीने के भीतर, 3-6 महीने, वार्षिक, एक वर्ष से अधिक।

8.	Does the company have in-house structure to implement the Policy/ Policies?	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y
9.	Does the Company have a grievance redressal mechanism related to the policy/policies to address stakeholders' grievances related to the policy/policies?	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y	Y
10.	Has the company carried out independent audit/ evaluation of the working of this policy by an internal or external agency?	Y	Y	N	Y	N	Y	N	Y	Y

*All the policies being followed by the Bank are in conformity with the guidelines issued by various regulators and statutory bodies such as Reserve Bank of India, Ministry of Finance, SEBI, Constitution of India, other legal Acts etc. Hence they conform to national Standards.

Please note that there are several policies formally put in place by the Bank that govern various functions in the bank directly or indirectly. At the same time, there are various guidelines, issued by the Bank from time to time, that are followed by the Branches as well as the Clusters/Circle Offices, Corporate Office etc. Similarly, Bank also implements the policies issued by regulators, affiliates, associates and other statutes while carrying out banking function.

2. a. If answer to Sr. No. 1 against any principle, is 'No', please explain why: (Tick up to 2 options)

Sr. No.	Questions	P 1	P 2	P 3	P 4	P 5	P 6	P 7	P 8	P 9
1.	The company has not understood the Principles	Not Applicable								
2.	The company is not at a stage where it finds itself in a position to formulate and implement the policies on specified principles									
3.	The company does not have financial or manpower resources available for the task									
4.	It is planned to be done within next 6 months									
5.	It is planned to be done within the next 1 year									
6.	Any other reason (please specify)	In respect of Pt.10, it is submitted that the Policies of the Bank are being reviewed by the Board of Directors on annual basis.								

3. Governance related to BR

- Indicate the frequency with which the Board of Directors, Committee of the Board or CEO to assess the BR performance of the Company. Within 3 months, 3-6 months, Annually, More than 1 year

→ The Bank's performance on Business Responsibility is

→ कारोबार दायित्व पर बैंक के प्रदर्शन का मूल्यांकन निदेशक मंडल द्वारा वार्षिक रूप से किया जाता है

→ क्या कंपनी कारोबार दायित्व या स्थिरता रिपोर्ट प्रकाशित करती है? इस रिपोर्ट को देखने के लिए हाइपरलिंक क्या है? इसके प्रकाशन की आवधिकता क्या है?

→ जी हाँ, बैंक कारोबार दायित्व रिपोर्ट वार्षिक रूप से प्रकाशित करता है। वर्ष 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19 से संबंधित कारोबार दायित्व रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट यथा www.obcindia.co.in> निवेशक केंद्र> कारोबार दायित्व रिपोर्ट पर उपलब्ध है।

खण्ड ङ : सिद्धांत-वार प्रदर्शन

सिद्धांत 1

व्यवसायों को नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ संचालन और स्वयं का अभिशासन करना चाहिए

1. क्या नैतिकता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार से संबंधित नीति केवल कंपनी को कवर करती है?

→ जी हाँ। बैंक, व्यापार परिचालन के आचार, नैतिक और कानूनी आचरण के उच्चतम मानकों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक में निदेशकों व इसके प्रमुख प्रबंधन के लिए आचार संहिता है। संहिता उन मार्गदर्शक सिद्धांतों को निर्धारित करने का प्रयास करती है, जिन पर बैंक अपने हितधारकों, सरकार और नियामक संस्थाओं आदि, जिनके साथ यह जुड़ा हुआ है, के साथ अपने व्यापार का परिचालन व संचालन करेगा।

बैंक में एक व्हिस्ल ब्लोअर पॉलिसी भी है जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधि निकायों सहित बैंक के हितधारकों के लिए कानूनी या विनियामक आवश्यकताओं का कोई उल्लंघन, किसी भी वित्तीय विवरणी या रिपोर्ट को गलत या तोड़ने-मरोड़ने आदि मुद्दों को किसी भी प्रकार के प्रतिशोध, प्रतिकार, भेदभाव या उत्पीड़न के भय के बिना उठाने हेतु विकल्प प्रदान करना है। कॉरपोरेट अभिशासन पर बैंक की नीति श्रेष्ठ मण्डल प्रथा, पारदर्शी प्रकटीकरण और हितधारक सशक्तिकरण पर जोर देती है।

क्या इसका विस्तार समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों/गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ)/अन्यों तक भी है?

→ जी नहीं।

2. पिछले वित्तीय वर्ष में हितधारकों से कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और इनमें से कितने प्रतिशत प्रबंधन द्वारा संतोषजनक ढंग से हल कर दी गईं? यदि हां, तो लगभग 50 शब्दों में इसका विवरण दें।

❖ शेयरधारक की शिकायतें

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक के शेयरधारकों से कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतें वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, शेयरों का स्थानांतरण, घोषित लाभांश की अप्राप्ति आदि जैसे मुद्दों से संबंधित थी। ऐसी शिकायतों का समाधान करते समय, बैंक शेयरधारकों के पते, बैंक विवरण अद्यतित करने की कार्रवाई करता है, ताकि भविष्य में ऐसी शिकायतों की पुनरावृत्ति से बचा जा सके। 31.03.2019 को कोई भी शिकायत लंबित नहीं थी। अतः हितधारकों की 100% शिकायतों को संतोषजनक ढंग से हल किया गया। शिकायतों की स्थिति तिमाही आधार पर मण्डल की हितधारक संबंध समिति और निदेशक मंडल के समक्ष रखी गई है और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत की गई है।

assessed annually by the Board of Directors.

→ Does the Bank publish a BR or a Sustainability Report? What is the hyperlink for viewing this report? How frequently it is published?

→ Yes, the Bank's publishes the Business Responsibility Report annually. The Reports for the year 2016-17, 2017-18 and 2018-19 are available on the website of the Bank i.e. www.obcindia.co.in > Investor Relations > Business Responsibility Report

Section E: Principle-wise performance

Principle 1

Businesses should conduct and govern themselves with Ethics, Transparency and Accountability

1. Does the policy relating to ethics, bribery and corruption cover only the company?

→ Yes. The Bank is committed to adhering to the highest standards of ethical, moral and legal conduct of business operations. The Bank has in place a Code of Conduct for the Directors and its core management. The Code attempts to set forth the guiding principles on which the Bank shall operate and conduct its business with its stakeholders, government and regulatory agencies, etc. with whom it is connected.

The Bank also has in place a Whistle Blower Policy which aims to provide an avenue to Bank's stakeholders including employees and their representative bodies, to raise concerns of any violations of legal or regulatory requirements, incorrect or misrepresentation of any financial statements and reports etc. without any fear of reprisal, retaliation, discrimination or harassment of any kind. The Bank's Policy on Corporate Governance emphasizes on best Board practices, transparent disclosures and stakeholder empowerment.

Does it extend to the Group/Joint Ventures / Suppliers /Contractors/ NGOs/Others?

→ No.

2. How many stakeholder complaints have been received in the past financial year and what percentage was satisfactorily resolved by the management? If so, provide details thereof, in about 50 words or so.

❖ Shareholder Complaints

The total number of complaints received from the shareholders of the Bank during the FY 2018-19 was 75. The complaints pertained to issues like non-receipt of Annual Reports, Transfer of Shares, non receipt of dividend declared etc. While resolving such complaints, the Bank has been taking steps to update the addresses, bank details of shareholders so as to avoid recurrence of such complaints in future. No complaint was pending as on 31.03.2019. As such 100% of the shareholder complaints were satisfactorily resolved. The status of complaints is being placed before the Stakeholders Relationship Committee of Board and the Board of Directors on quarterly basis and also submitted to the Stock Exchanges as per applicable guidelines.

❖ Customer Complaints

❖ ग्राहक शिकायतें

वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्राप्त हुईं 24,909 शिकायतों की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान ग्राहकों से 16467 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से वित्तीय वर्ष 2017-18 के 99.45% की तुलना में 99.65% शिकायतें संतोषजनक ढंग से हल कर दी गईं और 31.03.2019 को केवल 58 शिकायतें लंबित थीं। बैंक द्वारा बेहतर सेवा प्रदान करने और शिकायतों के त्वरित निवारण के कारण शिकायतों की संख्या में भारी कमी आई है।

बैंक ग्राहकों से संबंधित सभी शिकायतों में त्वरित और निरंतर अनुवर्ती कार्रवाई करता है, जिसके परिणामस्वरूप उनके समाधान का अनुवर्ती समय (टीएटी) कम हो गया है। ग्राहक शिकायतों का निवारण करने के लिए बैंक के कॉरपोरेट कार्यालय, गुरुग्राम में महाप्रबंधक की अध्यक्षता में एक समर्पित विभाग है। कॉरपोरेट कार्यालय स्थित शिकायत कक्ष, ग्राहक की शिकायतों का संतोषजनक ढ़ंग से यथोचित समय के भीतर त्वरित समाधान करने का प्रयास करता है ताकि उन्हें बैंकिंग लोकपाल और अन्य प्राधिकारियों के पास जाने से रोका जा सके। बैंक ने स्वतः प्रसार की विशेषताओं के साथ स्वचालित शिकायत निवारण तंत्र का भी शुभारंभ किया है।

इसके अलावा, बैंक के शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के लिए बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक की नीति के अनुसार एक आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति की है। सभी अस्वीकृत एवं आंशिक रुप से बंद शिकायतें बंद करने से पूर्व अभिमत के लिए आंतरिक लोकपाल के पास भेजी जाती हैं।

सिद्धांत 2

व्यवसायों को ऐसी वस्तु और सेवाएं प्रदान करनी चाहिए जो सुरक्षित हों और अपने जीवन चक्र के दौरान स्थिरता में योगदान करती हों

1. अपने कम-से-कम 3 उत्पादों या सेवाओं की सूची दें जिनके डिजाइन में सामाजिक या पर्यावरणीय मुद्दों, जोखिमों और/या अवसरों को शामिल किया गया है।

i वित्तीय समावेशन अभियानः

भारत सरकार की वित्तीय समावेशन पहल के अनुसरण में, बैंक समग्र समावेशी आर्थिक विकास के लिए बैंक रहित ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण जनता को किफायती दरों पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक ने ग्रामीण जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष उत्पाद जैसे कि बचत सह इनबिल्ट ओवरड्राफ्ट सुविधा, आवर्ती जमा, ओरियन्टल ग्रीन कार्ड, सामान्य क्रेडिट कार्ड और कम प्रीमियम वाले बीमा उत्पाद तैयार किए हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न मॉड्यूल जैसे पीओएस आधारित बीसी मॉडल, कियोस्क बैंकिंग मॉडल और औपचारिक शाखा मॉडल, लागू किए गए हैं।

ii ओरियन्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स ग्रामीण विकास न्यासः बैंक ने ग्रामीण क्षेत्रों में क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण देने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य से ओरियन्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स ग्रामीण विकास न्यास (ओबीसीआरडीटी) नामक एक विशेष प्रयोजन संस्थान की स्थापना की है।

न्यास का मुख्य उद्देश्य कृषि की आधुनिक तकनीकों, ट्रैक्टर/कृषि मशीनरी की मरम्मत एवं रखरखाव और कृषि/ग्रामीण विकास के अन्य पहलुओं पर किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण कॉलेजों/ संस्थानों और कार्यशालाओं की स्थापना करना और सूक्ष्म वित्त तथा ग्रामीण युवाओं और महिलाओं की क्षमता निर्माण है।

वर्तमान में, देहरादून, श्रीगंगानगर, जयपुर, फिरोजपुर और पलवल में पांच ओबीसीआरसेटी (ओबीसी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) कार्यरत हैं। बलेखण (जयपुर), जीरा (फिरोजपुर) और पलवल में आरसेटी अपने परिसर से परिचालन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। शेष 2 आरसेटी के लिए भवनों के निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है।

In all, the Bank has received 16467 complaints during FY 2018-19 from the customers as compared to 24,909 complaints during FY 2017-18 out of which 99.65% complaints have been satisfactorily resolved as compared to 99.45% complaints in FY 2017-18 and 58 complaints remain unresolved as on 31.03.2019. The number of complaints has been drastically reduced due to better service rendered by the bank and prompt redressal of complaints.

The Bank carries out vigorous and continuous follow-up in all customer related complaints resulting into reduced TAT (Turn-around Time) of their Redressal. The Bank has a dedicated Department headed by a General Manager at Corporate Office, Gurugram to redress customer grievances. The Complaint Cell at Corporate Office endeavor to resolve the complaints of the customer promptly to their satisfaction within reasonable time to avoid escalation to BO and other authorities. The Bank has also launched the Automated Grievance redressal Mechanism with auto escalation features.

Further, to strengthen the grievance redressal mechanism of the Bank, an Internal Ombudsman has been appointed by the Bank as per RBI Policy. All the complaints which are rejected or partially resolved are referred to Internal Ombudsman for his opinion before the closure.

Principle 2

Businesses should provide goods and services that are safe and contribute to sustainability throughout their life cycle

1. List up to 3 of your products or services whose design has incorporated social or environmental concerns, risks and/or opportunities.

i. Financial Inclusion Campaign:

Pursuant to the financial inclusion initiatives of Government of India, the Bank has been providing banking services in unbanked rural areas with affordable cost to the rural masses for an overall inclusive economic growth. The Bank has devised special products such as saving cum inbuilt overdraft facility, recurring deposit, oriental green card, General credit Card and insurance product with low cost premium to cater to the needs of rural masses. Various modules have been implemented for providing the banking services in rural and urban areas such as POS based BC model, Kiosk banking model and Brick and Mortar branches model.

ii. Oriental Bank of Commerce Rural Development Trust: Bank has set up a special purpose vehicle in the name of Oriental Bank of Commerce Rural Development Trust (OBCRDT) for setting up Training Centres at various places across the country for imparting training for capacity building in rural areas.

The main objective of the Trust is to establish training colleges/ institutes and workshops for providing training to farmers on modern techniques of farming, tractor/farm machinery repair & maintenance and other aspects of agriculture/rural development; micro finance and capacity building of the rural youth and women.

Presently, five OBCRSETIs (OBC Rural Self Employment Training Institutes) are functional at Dehradun, Sriganganagar, Jaipur, Ferozepur and Palwal. The RSETIs at Balekhan (Jaipur) and Zira (Ferozpur) & Palwal are operating and holding training programme from their own premises. The process of construction of buildings for the remaining 2 RSETIs is under progress.

During the Financial Year 2018-19 a total of 137 Skill

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान कुल 137 कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए और विभिन्न कार्यक्रमों में 3412 उम्मीदवारों को सिलाई और ड्रेस डिजाइनिंग, वाटरशेड प्रबंधन, फुलकारी कढ़ाई, दुधारू पशु पालन, फसल उत्पादन, ब्यूटी पार्लर, औषधीय वृक्षारोपण, मोबाइल मरम्मत आदि जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया गया।

स्थापना से अब तक प्रशिक्षुओं की नियोजन (सैटलमेंट) दर 67% है। समाज के गरीबी रेखा से नीचे स्तर के उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने के लिए जोर दिया जाता है, जिसके लिए केंद्र उम्मीदवारों की सूची संबंधित डीआरडीए से प्राप्त करते हैं। समेकित रूप से इन केन्द्रों ने अपने आरंभ से 1160 कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिससे 30467 उम्मीदवार लाभान्वित हुए।

iii. स्वयं सहायता समूहः

स्वयं सहायता समूह गरीबों तक पहुंचने और उनमें बचत करने की आदत पैदा करके और बैंक ऋण के माध्यम से आय सृजन गतिविधियां करने में सक्षम बनाने के लिए एक किफायती तरीका है।

बैंक ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को वित्तपोषण के अधिक उदार नियमों को अपनाया है। महिलाओं के सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निभाई गई भूमिका को ध्यान में रखते हुए, बैंक महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बैंक वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, देश के चिन्हित पिछड़े जिलों में महिला लाभार्थियों को वित्तपोषण की योजना का क्रियान्वयन कर रहा है, जिसमें प्रति उधारकर्ता को कम-से-कम रु.50,000/- की ऋण राशि मंजूर की जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए चिन्हित सभी 250 जिलों में गैर-सरकारी संगठनों के साथ करार के तहत महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। एनआरएलएम योजना जिसका उद्देश्य महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों को रियायती ब्याज दर पर बाधा रहित ऋण प्रदान करना है, के क्रियान्वयन में बैंक सक्रिय रूप से शामिल है। एनआरएलएम योजना के तहत बैंक ने 31.03.2019 तक महिलाओं द्वारा संचालित 1145 स्वयं सहायता समूहों में रु.956.17 लाख का वित्त पोषण किया है।

2. प्रत्येक ऐसे उत्पाद के लिए, उत्पाद के प्रति यूनिट संसाधन (ऊर्जा, जल, कच्चा माल आदि) उपयोग के संबंध में निम्नलिखित विवरण प्रदान करें (वैकल्पिक) :

   i) पिछले वर्ष से मूल्य श्रृंखला के दौरान सोर्सिंग/ उत्पादन/ वितरण में कमी के लक्ष्य को हासिल किया गया?

   ii) पिछले वर्ष से उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग (ऊर्जा, जल) में कमी के लक्ष्य को हासिल किया गया?

→ एक सेवा संगठन होने के कारण यह खंड लागू नहीं है।

3. क्या सतत सोर्सिंग (परिवहन सहित) के लिए कंपनी में प्रक्रियाएं लागू हैं

   यदि हां, तो आपके इनपुट का कितना प्रतिशत सतत रूप से सोर्स किया गया? इसके अलावा, इसका लगभग 50 शब्दों में विवरण प्रदान करें।

→ बैंक अपने अधिकांश उत्पादों को स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त करता है और सूक्ष्म व लघु उद्यमों (एमएसई) की सक्रिय रूप से सहायता करता है। बैंक ने भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबी) द्वारा बनाए गए सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता कोड को अपनाया है। कोड यह भी स्पष्ट करता है कि बैंक को सूक्ष्म और लघु उद्यमों के साथ उनके दैनिक परिचालन और वित्तीय समस्या के समय कैसे संव्यवहार करना है।

Development Training programmes were conducted and 3412 candidates were given training on subjects like tailoring & dress designing, watershed management, phulkari embroidery, milch animal rearing, crop production, beauty parlor, medicinal plantation, mobile repairing, etc.

The settlement rate of trainees is more than 67% since inception. Emphasis is also given to train candidates from BPL strata of the society for which list of candidates are obtained by the centres from respective DRDA. Cumulatively these centres have conducted 1160 Skill Development training programmes since inception benefiting 30467 candidates.

iii. Self Help Groups:

SHG is a cost effective way to reach out to the poor and empower them by inculcating saving habit amongst them as well as to enable them to undertake income generating activities through bank credit.

Bank has adopted more liberal norms of financing to Self Help Groups (SHGs). Considering the role played by SHG in empowerment of women, the Bank is focusing on financing of women SHGs. Bank is implementing the scheme of financing to women beneficiaries in identified backward districts of the country, as per guidelines of Ministry of finance, wherein the minimum loan amount of ₹50,000/- per borrower is being sanctioned. In all 250 districts have been identified for implementation of this Scheme under which exclusive women SHGs are formed under tie up with NGOs. Bank is actively involved in implementation of NRLM scheme aimed at providing hassle free credit to women SHGs at a concessional rate of interest. Under NRLM scheme bank has financed 1145 women SHGs with outstanding balance of ₹956.17 lakhs up to 31.03.2019.

2. For each such product, provide the following details in respect of resource use (energy, water, raw material etc.) per unit of product (optional):

   i) Reduction during sourcing/production/ distribution achieved since the previous year throughout the value chain?

   ii) Reduction during usage by consumers (energy, water) has been achieved since the previous year?

→ Being a service organization this section is not applicable.

3. Does the company have procedures in place for sustainable sourcing (including transportation)?

   If yes, what percentage of your inputs was sourced sustainably? *Also, provide details thereof, in about 50 words or so.*

→ The Bank procures most of its products from locally based suppliers and also actively supports the Micro and Small Enterprises (MSE). The Bank has adopted Code of Bank's Commitment to Micro and Small Enterprises (MSE) formulated by Banking Codes and Standards Board of India (BCSB). The Code also explains how banks are expected to deal with MSEs for their day-to-day operations and in times of financial difficulty.

4. Has the company taken any steps to procure goods and

4. क्या कंपनी ने अपने कार्यस्थल के आसपास के समुदायों सहित स्थानीय और लघु उत्पादकों से वस्तु और सेवाओं की खरीद के लिए कोई कदम उठाया है?

   यदि हां, तो स्थानीय और लघु विक्रेताओं की क्षमता और सामर्थ्य को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

→ बैंक अपनी शाखाओं/ कार्यालयों को स्थानीय आधार पर आपूर्तिकर्ताओं से अपने अधिकतर उत्पाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित करता है। बैंक स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों को रियायती ब्याज दर पर ऋण भी प्रदान करता है।

5. क्या कंपनी के पास उत्पादों एवं अनुपयोगी सामान के री-सायकल करने के लिए कोई प्रणाली है? यदि हां, तो उत्पादों एवं अनुपयोगी सामान की री-सायकल की कितनी प्रतिशतता है (अलग से <5%, 5-10%,>10%)? साथ ही इसके बारें में लगभग 50 शब्दों में विवरण दीजिए

→ बैंक के पास कार्यालय में प्रयोग होने वाली सामग्री की अधिक से अधिक संभावित सीमा तक री-सायकल करने की प्रणाली है और इस संबंध में प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया हुआ है। बैंक में पुराने रिकॉर्ड के निपटान से संबंधी नीति है। अनुमोदित वेंडर पुरना रिकॉर्ड नष्ट करता है और इसकी लुगदी बनाता है तथा बैंक को प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है जिसे शाखा के रिकॉर्ड में रखा जाता है।

सिद्धांत 3

कारोबार को सभी कर्मचारियों के हित को बढ़ावा देना चाहिए।

1. कृपया कुल कर्मचारियों की संख्या दर्शाएं।

→ 31.03.2019 को कुल कर्मचारियों की संख्या 21,729 है।

2. कृपया अस्थायी/करार/आकस्मिक आधार पर रखे गए कुल कर्मचारियों की संख्या दर्शाएं।

→ 31.03.2019 को अस्थायी/करार/आकस्मिक आधार पर रखे गए कुल कर्मचारियों की संख्या 01 है (आंतरिक लोकपाल)।

3. कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या दर्शाएं।

→ 31.03.2019 को स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या 4,929 है।

4. कृपया दिव्यांग स्थायी कर्मचारियों की संख्या दर्शाएं।

→ 31.03.2019 को दिव्यांग स्थायी कर्मचारियों की कुल संख्या 607 है।

5. क्या आपके यहां प्रबंधन द्वारा मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ है।

→ जी हां,

   1) ऑल इण्डिया ओरियन्टल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन

   2) ऑल इण्डिया ओरियन्टल बैंक एम्पलाईज एसोसिएशन

6. आपके स्थायी कर्मचारियों का कितना प्रतिशत इस मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ का सदस्य है?

→ ऑल इण्डिया ओरियन्टल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन - 31.03.2019 को 90.41%

→ ऑल इण्डिया ओरियन्टल बैंक एम्पलाईज एसोसिएशन - 31.03.2019 को 100.00%

services from local & small producers, including communities surrounding their place of work?

If yes, what steps have been taken to improve their capacity and capability of local and small vendors?

→ The Bank encourages its branches/offices to procure most of its products from locally based suppliers. The Bank also provides loans at subsidized rate to Self Help Groups and women enterprises.

5. Does the company have a mechanism to recycle products and waste? If yes what is the percentage of recycling of products and waste (separately as <5%, 5-10%, >10%)? Also, provide details thereof, in about 50 words or so.

→ The Bank has a mechanism for recycling office materials to the maximum extent possible and a certification to this effect is also obtained. Bank has policy of old record disposal. The approved vendor destroys the old record and converts it into pulp and submits certificate to Bank which is kept on record in the branch.

Principle 3

Businesses should promote the wellbeing of all employees

1. Please indicate the Total number of employees.

→ The total number of employees as on 31.03.2019 is 21,729

2. Please indicate the Total number of employees hired on temporary/contractual/casual basis.

→ The total number of employees hired on temporary/contractual/ casual basis as on 31.03.2019 is 01 (Internal Ombudsman)

3. Please indicate the Number of permanent women employees:

→ The total number of women employees as on 31.03.2019 is 4,929

4. Please indicate the Number of permanent employees with disabilities:

→ The total number of permanent employees with disabilities as on 31.03.2019 is 607.

5. Do you have an employee association that is recognized by management?

→ Yes

   1) All India Oriental Bank Officers' Association

   2) All India Oriental Bank Employees' Association

6. What percentage of your permanent employees is members of this recognized employee association? :

→ All India Oriental Bank Officers' Association – 90.41% as on 31.03.2019

→ All India Oriental Bank Employees' Association –100 % as on 31.03.2019

7. Please indicate the Number of complaints relating to child

7. कृपया वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान बाल मजदूरी, बंधुआ मजदूरी, अनैच्छिक मजदूरी, यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की संख्या को दर्शाएं।

क्र. स.	श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान दायर की गई शिकायतों की संख्या	वित्तीय वर्ष 2018-19 के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या
1.	बाल मजदूरी, बंधुआ मजदूरी/ अनैच्छिक मजदूरी	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	यौन उत्पीड़न	01	01
3.	भेदभावपूर्ण रोजगार	शून्य	शून्य

8. निम्नलिखित कर्मचारियों में से पिछले वर्ष के दौरान सुरक्षा एवं कौशल अद्यतन प्रशिक्षण कितने प्रतिशत को दिया गया?

→ स्थायी कर्मचारीः 89.67%

→ स्थायी महिला कर्मचारीः 86.08%

→ सामयिक/अस्थायी/करार आधार पर कर्मचारीः लागू नहीं

→ दिव्यांग कर्मचारीः 90.77%

सिद्धांत 4

कारोबार को सभी हितधारकों विशेष रूप से जो कमजोर, वंचित और हाशिए पर हैं, उनके हितों का सम्मान करना और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए।

1. क्या कंपनी ने अपने आंतरिक और बाह्य हितधारकों को मैप किया है?

→ जी हां, हितधारकों में भारत सरकार, निवेशक, कर्मचारी और बैंक के ग्राहक और साथ ही विभिन्न सेवाओं / उत्पादों के लिए बैंक से जुड़े विक्रेता भी शामिल हैं ।

❖ शेयरधारक को विभिन्न उप-वर्गों जैसे- सरकार, विदेशी संस्थागत निवेशक/विदेशी पोर्टफॉलियो वाले निवेशक, बैंकों, वित्तीय संस्थानों, बीमा कंपनियों, म्युचुअल फंड तथा व्यक्तियों सहित अन्य में विभाजित किया गया है।

❖ ग्राहकों को बड़े कॉरपोरेट, मिड कॉरपोरेट, लघु एवं मध्यम उद्यम और रिटेल ग्राहकों में विभाजित किया गया है। इन वर्गों को समर्पित शाखाओं द्वारा सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

❖ स्टाफ सदस्य

2. उक्त में से, क्या कंपनी द्वारा कमजोर, वंचित और हाशिए पर हितधारकों की पहचान की गई है?

→ जी हां, बैंक ने भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कमजोर, वंचित और हाशिए पर हितधारकों की पहचान की है।

3. क्या कंपनी द्वारा कमजोर, वंचित और हाशिए पर हितधारकों के लिए कोई विशेष पहल की गई है। यदि ऐसा है, तो इसका विवरण लगभग 50 शब्दों में प्रस्तुत करें।

→ बैंक ने कमजोर, वंचित और हाशिए पर हितधारकों को सहायता और लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न पहल की हैं। बैंक द्वारा उठाए गए कुछ कदम निम्नानुसार हैं :-

labour, forced labour, involuntary labour, sexual harassment in the last financial year and pending, as on the end of the financial year:

Sr. No.	Category	No of complaints filed during the financial year 2018-19	No of complaints pending as at end of the financial year 2018-19
1.	Child labour / forced labour / involuntary labour	Not Applicable	Not Applicable
2.	Sexual harassment	01	01
3.	Discriminatory employment	Nil	Nil

8. What percentage of your under mentioned employees were given safety & skill up-gradation training in the last year?

→ Permanent Employees: 89.67%

→ Permanent Women Employees: 86.08%

→ Casual/Temporary/Contractual Employees: N/A

→ Employees with Disabilities: 90.77%

Principle 4

Businesses should respect the interests of, and be responsive towards all stakeholders, especially those who are disadvantaged, vulnerable and marginalized.

1. Has the company mapped its internal and external stakeholders?

→ Yes. The stake holders of the Bank include Government of India, Investors, Employees, Customers of the Bank, and also Vendors engaged by the Bank for various services/products.

❖ Shareholders are divided into different sub-categories, viz., Government, Foreign Institutional Investors/ Foreign Portfolio Investors, Banks, Financial Institutions, Insurance Companies, Mutual Funds, and others including Individuals.

❖ Customers are segmented into large corporate, mid-corporate, small and medium enterprises and retail customers. Dedicated branches provide service to these segments.

❖ Staff members.

2. Out of the above, has the company identified the disadvantaged, vulnerable & marginalized stakeholders?

→ Yes. The Bank has identified the disadvantaged, vulnerable and marginalized stakeholders as per Government of India guidelines.

3. Are there any special initiatives taken by the company to engage with the disadvantaged, vulnerable and marginalized stakeholders. If so, provide details thereof, in about 50 words or so. :

→ The Bank has taken various initiatives to engage and extend its support and benefits to the disadvantaged, vulnerable and marginalized stakeholders. Some of the initiatives taken by the Bank are as under:

❖ कर्मचारी

(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के कर्मचारियों का कल्याण

बैंक सभी कर्मचारियों से जाति, पंथ और धर्म के आधार पर बिना किसी भेदभाव के समान व्यवहार की नीति का अनुसरण करता है। बैंक सरकार के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के कर्मचारियों को विशेष लाभ/सुविधाएं/ सहायता प्रदान करता है।

(ii) दिव्यांग व्यक्ति (पीडबल्यूडी)

दिव्यांग जनों को सहजतापूर्वक कार्य करने हेतु उनके अनुरोध के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। वांछित स्थान पर उनके स्थानांतरण अनुरोध पर भी विचार किया गया है।

❖ ग्राहक

बैंक आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित ग्राहकों, छोटे किसानों और व्यापारियों, महिला समूहों आदि को विशेष ऋण योजना के अंतर्गत सूक्ष्म वित्त, लघु ऋण और किसान क्रेडिट कार्ड आदि जैसी विशेष ऋण योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध कराता है। बैंक समाज के निम्न स्तर के लोगों को बैंकिंग धारा में लाने के लिए 'नो फ्रिल योजना' के अंतर्गत खाते खोलने की सुविधा प्रदान कर रहा है।

सिद्धांत 5

"कारोबार को मानवाधिकार को सम्मान और उसे बढ़ावा देना चाहिए"

1. क्या मानवाधिकार पर कंपनी की नीति के अंतर्गत केवल कंपनी आती है या इसका विस्तार समूह/ संयुक्त उद्यम/आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों/ गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ)/अन्य तक भी है?

❖ मानवाधिकार संबंधित नीति केवल बैंक को ही कवर करती है। बैंक अपने कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और सम्मान करता है और कर्मचारी की राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग, आयु, अक्षमता, सामाजिक और आर्थिक स्थिति या कानून द्वारा प्रतिबंधित अन्य आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता है।

❖ यौन उत्पीड़न का निवारण

बैंक कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न पर प्रतिबंध लगाता है और कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिबंध और समाधान) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों को बैंक द्वारा कार्यान्वित किया गया है। ऐसे मामलों को निपटाने के लिए बैंक द्वारा कॉरपोरेट कार्यालय और मण्डल कार्यालय स्तर पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है और इसके विवरण नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते हैं।

2. पिछले वित्तीय वर्ष में हितधारकों से कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषजनक समाधान किया गया है?

→ वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान यौन उत्पीड़न से संबंधित 1 शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर मार्च, 2019 में कार्यवाही शुरु हुई, जो कि अभी प्रक्रियाधीन है।

सिद्धांत 6

कारोबार को पर्यावरण का सम्मान, संरक्षण और उसकी बहाली के लिए प्रयास करने चाहिए

1. क्या सिद्धांत 6 से संबंधित नीति के अंतर्गत केवल कंपनी आती है या इसका विस्तार समूह/ संयुक्त उद्यम/ आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों/ गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ)/अन्य तक भी है?

❖ Employees

(i) Welfare of SC/ST Employees

